दुबई एक्सपो-2020

चर्चा में क्यों?

3-9 दिसंबर, 2021 तक दुबई एक्सपो-2020 में मध्य प्रदेश 'राज्य सप्ताह'का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें औद्योगिक नीति और निवेश संवर्धन मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगाँव ने 'मध्य प्रदेश मंडप'का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- इस 'राज्य सप्ताह'में विभिन्न उद्योग-विशिष्ट विशेषज्ञ सत्र, गोलमेज चर्चा के साथ सांस्कृतिक प्रदर्शन भी होंगे।
- दुबई एक्सपो में मध्य प्रदेश सप्ताह में राज्य के लिये व्यावसायिक संभावनाओं पर चर्चा करने और वस्त्र निर्माण, ऑटोमोबाइल, ईवी, खाद्य प्रसंस्करण, फार्मास्यूटिकल्स, आईटी सहित प्रमुख क्षेत्रों में निवेश के अवसरों पर चर्चा करने के लिये विभिन्न बैठकें होंगी।
- एक्सपो के दौरान मध्य प्रदेश सरकार के औद्योगिक नीति एवं निवेश संवर्धन मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगाँव की अध्यक्षता में राज्य का 14 सदस्यीय प्रतिनिधि-मंडल, आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने और प्रदान करने के उद्देश्य से नए निवेश, नई प्रौद्योगिकियों, राज्य में लाभकारी रोज़गार प्रदाय करने हेतु नई परियोजनाओं को लाने के लिये उद्योग घरानों और उद्योग संघों के साथ बातचीत करेगा।
- मध्य प्रदेश का प्रतिनिधि-मंडल संयुक्त अरब अमीरात सरकार की वार्षिक निवेश बैठक (एआईएम) के प्रतिनिधियों के साथ भी बातचीत करेगा, जो प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के लिये दुनिया का अग्रणी मंच है।
- साथ ही मार्च 2022 में एआईएम, दुबई में होने वाली बैठक के लिये हिज़ हाइनेस शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम, संयुक्त अरब अमीरात के उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और दुबई के शासक से निमंत्रण प्राप्त किया।
- प्रतिनिधि-मंडल के सदस्य अबू धाबी चेंबर ऑफ कॉमर्स, शारजाह चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड पीपल ऑफ इंडियन ओरिजिन चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीआईओसीसीआई) से भी मिलेंगे। इसके अलावा दुबई, शारजाह और अबू धाबी के विभिन्न प्रमुख कॉर्पोरेट्स के साथ बैठकें करेंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/dubai-expo-2020